**दिनांक– 20.12.2021 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति हाथरस की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11:30 बजे कलैक्ट्रेट सभागार, हाथरस में एवं सांय 8:00 बजे जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर "जल जीवन मिशन–हर घर जल" के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक– 20.12.2021 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति हाथरस की अध्यक्षता में प्रातः 11:30 बजे कलैक्ट्रेट सभागार, हाथरस में एवं सांय 8:00 बजे जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर **"जल जीवन मिशन–हर घर जल"** के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे–

1. जिलाधिकारी, हाथरस।
2. मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
4. श्री हुसैन हुजूर डी0पी0एम0यू0 हाथरस।
5. श्री प्रदीप गुप्ता, परियोजना निदेशक, प्रतिनिधि मैसर्स– आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, आर–14, टीटीसी, एमआईडीसी, थाने बेलापुर रोड़, रवैल, नवी मुम्बई।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि **"जल जीवन मिशन–हर घर जल"** के अन्तर्गत जनपद हेतु सूचीबद्ध कार्यदायी एजेन्सी मैसर्स– आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, आर–14, टीटीसी, एमआईडीसी, थाने बेलापुर रोड़, रवैल, नवी मुम्बई को 83 नग पुनर्गठन एवं नई परियोजनाओं के डी0पी0आर0 बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था पुनः प्रमुख सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 पत्र सं0 1188/छिहत्तर–1–2020–3 शिकायत/2020 दिनांक 21 मई, 2021 में ग्राम पंचायत को इकाई मानते हुये डी0पी0आर0 बनाये जाने के प्रसारित निर्देशों के क्रम में जनपद हाथरस में ग्रामीण पाइप पयेजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध फर्म द्वारा, 83 नग पुनर्गठन एवं नई पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष पूर्व में प्रेषित डी0पी0आर0 में से दिनांक– 26.07.2021 को एसएलएसासी की बैठक में 17 नग ग्रामीण पेयजल परियोजनायें स्वीकृत हो चुकी हैं। जिनके त्रिपक्षीय अनुबन्ध दिनांक– 21.08.2021 को गठित होने के पश्चात् आवरण अनुबन्ध (Cover Agreement) दिनांक– 07.12.2021 को गठित हो चुके हैं। साथ ही दिनांक– 14.12.2021 को एसएलएसएससी की बैठक में पुनः 11 नग परियोजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। जिनके त्रिपक्षीय अनुबन्ध दिनांक– 23.12.2021 को गठित किये जाने हेतु पत्र निर्गत किया जा चुका है। परन्तु अभी तक फर्म द्वारा न तो कहीं नलकूप की बोरिंग का कार्य प्रारम्भ किया गया है और न ही साइट ऑफिस एवं भण्डार इत्यादि की व्यवस्था की गयी है। साथ जनपद हेतु नामित/कार्यरत कर्मचारियों के सम्बन्ध में कोई जानकारी उपलब्ध कराई गयी है। पूर्व में दिनांक– 25.11.2021 को आहूत बैठक में फर्म को आगामी बैठक तक 23 नग परियोजनाओं के डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु अद्यतन फर्म द्वारा कोई डी0पी0आर0 प्रस्तुत नहीं किया गया है।

फर्म को निर्देशित किया गया कि एक्शन प्लान (10 दिवस के अन्दर) के आधार पर सम्पादित करायें। कार्यों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0सं0 | सम्पादित कराये जाने वाले कार्य का विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Site Office Establishment | 27.12.2021 |
| 2 | Deployment of Technical Staff | 31.12.2021 |
| 3 | Setup of Store | 31.12.2021 |
| 4 | Procurement of materials in store. | 27.12.2021 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | Deployment of Rig. Machine for tube well boring work. | 27.12.2021 |
| 6 | Establishment of lab. | 31.12.2021 |
| 7 | Start of dismantling work of existing OHT and New T.W. boring at Hazipur from 27.12.2021 onwards. | 27.12.2021 |
| 8 | Submission of DPR of 2 Reorganization Scheme on 27.12.2021. | 27.12.2021 |
| 9 | Boring work to be started from 01.01.2022 at 2 location 1 Kumhrai and Shekhupur Ajeet. | 01.01.2022 |

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि यदि फर्म द्वारा एक्शन प्लान (10 दिवस के अन्दर) के आधार पर कार्यों का सम्पादन नहीं किया जाता है तो फर्म के विरूद्ध अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार कठोरतम् आवश्यक कार्यवाही अमल में लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करायें।

**बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।**

(साहित्य प्रकाश मिश्र)
मुख्य विकास अधिकारी,
हाथरस

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस

पत्रांक– 91/ मी0म0-5दा0स0 / दिनांक–27-12-2021

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), जल निगम परिसर, 6, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता महोदय (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
5. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, हाथरस।
6. श्री प्रदीप गुप्ता, परियोजना निदेशक, प्रतिनिधि मैसर्स– आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, आर–14, टीटीसी, एमआईडीसी, थाने बेलापुर रोड़, रबैल, नवी मुम्बई।
7. श्री हुसैन हुजूर डी0पी0एम0यू0 हाथरस।

मुख्य विकास अधिकारी,
हाथरस।